**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**J 0 7 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : 2 $^{1}/_{2}$ hours] **PAPER-III** [Maximum Marks : **200**

# ANTHROPOLOGY

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

# ANTHROPOLOGY

## मानव विज्ञान

### PAPER–III

### प्रश्नपत्र–III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खण्ड – I

This section consists of **two (2)** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each.

**(2 × 20 = 40 marks)**

इस खण्ड में **बीस-बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Discuss the role of Anthropology in human welfare.
मानव कल्याण में नृविज्ञान की भूमिका की विवेचना करें ।

**OR / अथवा**

Discuss various bio-cultural factors leading to malnutrition in India.
भारत में कुपोषण की ओर प्रवृत्त करने वाले विभिन्न जैव–सांस्कृतिक कारकों की विवेचना करें ।

2. “Fieldwork is the hallmark of Anthropology” – Explain.
“क्षेत्रीय कार्य नृविज्ञान का प्रामाणिकता चिह्न है” – समझाकर स्पष्ट करें ।

**OR / अथवा**

Discuss with suitable examples various socio-cultural practices and beliefs contributing to preservation of bio-diversity.
जैव–विविधता के परिरक्षण में योगदान देने वाली विभिन्न सामाजिक–सांस्कृतिक प्रथाओं एवं धारणाओं की उपयुक्त उदाहरणों के साथ विवेचना करें ।

## SECTION – II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions from each of the electives / specializations. The candidate has to choose only **one** elective/specialization and answer all the **three** questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल **एक** ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I / ऐच्छिक – I

### Social–Cultural Anthropology

3. Explain Bronislaw Malinowski's version of functionalism.
   प्रकार्यवाद के ब्रौनिस्लॉ मैलिनोव्स्की संस्करण की व्याख्या करें ।

4. What preparation is required for successful ethnographic fieldwork ?
   सफल नृजातीय क्षेत्रीय कार्य के लिये क्या तैयारी की आवश्यकता होती है ?

5. Discuss the changing nature of joint family in India.
   भारत में संयुक्त परिवार के बदलते स्वरूप की विवेचना करें ।

## Elective – II / ऐच्छिक – II
## Physical Anthropology

3. Describe the salient features of the synthetic theory of evolution.
उद्‌विकास के सिन्थेटिक सिद्धान्त की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या करें ।

4. Describe the geographical distribution, physical and cultural characteristics of Australopithecines.
ऑस्ट्रेलोपिथेसिन्स की शारीरिक और सांस्कृतिक विशेषताओं और भौगोलिक वितरण को स्पष्ट करें ।

5. Explain various types of haemoglobinopathies with suitable examples.
हीमोग्लोबिनोपेथीस के प्रकारों की उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या करें ।

## Elective – III / ऐच्छिक – III
## Prehistoric Anthropology

3. Write an essay on features and importance of the Pleistocene period in understanding bio-cultural evolution.
जैव–सांस्कृतिक उद्‌विकास को समझने में अत्यन्त नूतन काल की विशेषताओं और महत्त्व पर निबन्ध लिखें ।

4. "Africa is the cradle of Mankind." Substantiate your answer with examples from different sites.
"अफ्रीका मानवता का मूलस्थान (या पालना) है ।" भिन्न स्थलों से उदाहरणों के साथ अपने उत्तर को प्रमाणित करें ।

5. Define Civilization and state the characteristic features of Indus Valley Civilization.
सभ्यता की परिभाषा दें और सिन्धु घाटी सभ्यता की मुख्य विशेषताएँ बताइये ।

## SECTION – III
## खण्ड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Explain the concept of 'dominant caste'.
   'प्रधान जाति' की अवधारणा की व्याख्या करें ।

7. What do you mean by Participatory Rural Appraisal (PRA) technique ?
सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक से आप क्या समझते हैं ?

8. Explain the characteristics of Primitive Tribal Groups (PTGs).
आदिम जनजाति समूहों की विशेषताओं को समझा कर स्पष्ट करें ।

9. Secular trend in Human Growth.
मानव विकास में 'सेक्यूलर' प्रवृत्ति ।

10. DNA fingerprinting.
डी.एन.ए. अंगुली छाप ।

11. Genetic polymorphisms.
जैविक बहुरूपताएँ ।

12. Tribal health in India.
भारत में जनजातियों का स्वास्थ्य ।

13. Importance of geomorphology in prehistoric studies.
प्रागैतिहासिक अध्ययनों में भू-आकृतिविज्ञान का महत्त्व ।

14. Megalithic types of South India.
दक्षिण भारत के महापाषाण प्ररूप ।

## SECTION – IV

## खण्ड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words.

**(5 × 5 = 25 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

No society is locked into a particular subsistence pattern. All are in a dynamic relationship with the environment and with other societies and are subject to change from both internal processes and external sources. A change in the environment might force a change in subsistence strategy, a change in population, the invention of a new technology or changing patterns of trade with neighbouring societies. Subsistence strategies may also change as a result of borrowings from other peoples, either through peaceful trade or through forced elimination of traditional patterns and their replacement by foreign methods of economic production and work as a result of conquest and colonization.

Environmental change or relocation to a different area may compel people to rely on different kinds of foods or different subsistence strategies. Foragers may have their territories diminished because of incursions or invasions by farming or herding peoples and therefore abandon their traditional ways of life, adopting farming themselves or working for wages on other people's farms or ranches. Technological developments may also affect subsistence strategies. For example, as industrial techniques have led to improvements in agricultural productivity, fewer farmworkers can produce enough food for many more people, freeing up a large labour force to work in other sectors.

Indigenous societies throughout the world have become increasingly involved in regional, national and international economic networks in the global economy. Many of their traditional patterns have been altered. In some cases, they have been able to sell their products widely through commercial outlets. Others have found wage employment in locally expanding production and manufacturing. Even in earlier historical periods, the economies of societies that were conquered or colonized were altered as a result of both direct and indirect pressures from the dominant societies.

कोई भी समाज किसी एक विशेष जीवन निर्वाह पैटर्न में बंद नहीं है । सभी, पर्यावरण एवं अन्य समाजों के साथ गत्यात्मक सम्बन्ध में हैं और आन्तरिक प्रक्रियाओं और बाह्य स्रोतों दोनों से परिवर्तन द्वारा प्रभावित होते हैं । पर्यावरण में परिवर्तन, जीवन निर्वाह योजना में परिवर्तन, जनसंख्या में परिवर्तन, नूतन प्रौद्योगिकी का आविष्कार, या पड़ोसी समाजों के साथ व्यापार के बदलते पैटर्न में परिवर्तन बलपूर्वक ला सकता है । जीवन निर्वाह योजनाएँ भी अन्य लोगों से लिये उधार के फलस्वरूप बदल सकती हैं । यह या तो शांतिपूर्वक व्यापार के जरिये, और या देश पर जीत और उपनिवेशन के फलस्वरूप पारम्परिक पैटर्नों के बलात् विलोपन और आर्थिक उत्पादन और कार्य की विदेशी विधियों द्वारा उनके स्थानापन्न के जरिये बदल जाती हैं ।

पर्यावरण सम्बन्धी परिवर्तन या भिन्न क्षेत्र में पुन:अवस्थिति लोगों को भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों या जीवन निर्वाह की भिन्न रणनीतियों पर निर्भर करने के लिये बाध्य कर सकते हैं । खेती या पशुचारण के लोगों द्वारा अतिक्रमण या घुसपैठ के कारण रसद खोज का क्षेत्र कम हो सकता है और, इसलिये वो, जीवन का अपना पारम्परिक ढंग का परित्याग कर देते हैं, और खुद खेती को अपना लेते हैं, या दूसरे लोगों के पशुफार्म या खेतों में मजदूरी पर कार्य करते हैं । प्रौद्योगिक गतिविधियाँ भी जीवन निर्वाह की योजनाओं को प्रभावित करती हैं । उदाहरण के लिये, औद्योगिक तकनीकों ने क्योंकि कृषि उत्पादकता में सुधार की ओर प्रवृत्त किया है, ज्यादा कम कृषि कामगार बहुत से ज्यादा लोगों के लिये पर्याप्त खाद्य पदार्थों का उत्पादन कर सकते हैं, और अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिये श्रम शक्ति की बड़ी मात्रा को मुक्त करते हैं ।

विश्वभर में, देशी समाज, वैश्विक अर्थ व्यवस्था में प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक नेटवर्क में ज्यादा से ज्यादा अंतर्ग्रस्त हो गए हैं । उनके बहुत से पारम्परिक पैटर्न बदल गए हैं । कुछ स्थितियों में, वे वाणिज्यिक आउटलेटों के जरिये अपने उत्पाद व्यापक रूप से बेचने में सक्षम हुए हैं । दूसरों ने, स्थानीय रूप से विस्तृत हो रहे उत्पादन और विनिर्माण में, मजदूरी पर रोजगार पा लिया है । प्रारम्भिक ऐतिहासिक युग में भी, उन समाजों की जो अधीन कर लिये गये हैं या उपनिवेश बना लिये गये हैं, उनकी अर्थ व्यवस्थाएँ प्रधान समाज से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दबावों के फलस्वरूप, बदल गई थीं ।

15. What internal processes may lead to change in subsistence strategies ?
जीवन निर्वाह योजनाओं में परिवर्तन कौन सी आन्तरिक प्रक्रियाएँ प्रवृत्त करती हैं ?

16. "No society is locked into a particular subsistence pattern." Explain.
"कोई भी समाज एक विशेष जीवन निर्वाह पैटर्न में बंद नहीं है ।" स्पष्ट कीजिए ।

17. How are the indigenous societies affected due to their involvement in wider economic network ?
देशी समाज, ज्यादा व्यापक आर्थिक नेटवर्क में अपनी अंतर्ग्रस्तता की वजह से किस प्रकार प्रभावित होते हैं ?

18. What effects of technological development are mentioned in the text ?
प्रौद्योगिकीय विकास के किन प्रभावों का परिच्छेद में जिक्र किया गया है ?

19. How environmental change or relocation would impact the foragers ?
किस प्रकार पर्यावरणीय परिवर्तन या पुनरवस्थापन रसद खोजियों को प्रभावित करेगा ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................